दिनांक 13 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जन समस्या निवारण शिविर का महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण, इस दौरान महापौर ने आवेदकों की सुनी समस्या, निराकरण करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है , जहां लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दे रहे हैं। आज महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निगम क्षेत्र के जन समस्या निवारण शिविर के स्थलों का निरीक्षण किया। महापौर ने इस दौरान कहा कि लोगों की छोटी-छोटी ऐसी समस्याएं जो त्वरित निराकरण योग्य है उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूरा करें , नागरिक सेवाएं जैसे पानी , बिजली और सफाई का समाधान सबसे पहले करें। इसके अलावा , राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन, पट्टा जैसे आवेदनों पर अविलंब गंभीरतापूर्वक निराकरण करें, उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे विभागों से संबंधित प्रकरण जो शिविर के माध्यम से प्राप्त होंगे उन्हें संबंधित विभागों में भेजकर उसकी सतत मॉनिटरिंग करें और उसकी जानकारी लेकर आवेदक को भी सूचित करें। आज नगर निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर, वार्ड क्रमांक 19 राम जानकी मंदिर राजीव नगर, जोन क्रमांक 3 वार्ड 32 बैकुंठ धाम आंगनबाड़ी केंद्र के समीप, जोन क्रमांक 4 वार्ड क्रमांक 40 मंगल बाजार छावनी एवं जोन क्रमांक 5 वार्ड 59 सेक्टर 5 में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था। जन समस्या निवारण शिविर के निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर प्रमुख रूप से मौजूद थे। मंगलवार को इन केंद्रों में लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर मंगलवार दिनांक 17 मई 2022 को जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 कोसानगर के सांस्कृतिक भवन में , जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर के सांस्कृतिक भवन में, जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा के कैंप 2 के वार्ड कार्यालय में, जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी के सामुदायिक भवन में तथा वार्ड क्रमांक 59 सेक्टर 5 के सत् विजय ऑडिटोरियम में जन समस्या निवारण शिविर लगेगा , जहां अपनी समस्याओं को लेकर आम नागरिक आवेदन दे सकेंगे और समाधान पा सकेंगे।